अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

गुरूवार

नालन्दा, 30.01.2025

नालन्दा नं0-1 अखबार

पेज-01 वर्ष:1, अंक:5

www.apnanalanda.com

## पैक्स चुनाव के दौरान बोगस वोटिंग का आरोप, हंगामे के बाद पुलिस ने जब्त किए आधार कार्ड



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में बुधवार को हुए प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव के दौरान बोगस वोटिंग के आरोप लगे। परवलपुर के शंकरडीह पैक्स मतदान केंद्र पर इस मुद्दे कोलेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया, जिससे मतदान कुछ समय के लिए बाधित हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस और अधिकारियों ने स्थिति संभालते हुए कुछ आधार कार्ड जब्त किए। हालांकि, अधिकारियों ने बोगस वोटिंग की बात से इंकार किया है। जिले के 12 पैक्सों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाता बूथों पर पहुंचने लगे थे, और कुछ केंद्रों पर 4:30 बजे के बाद भी मतदाताओं की भीड़ बनी रही। सदर प्रखंड के बियावानी में भी फर्जी मतदान का आरोप लगा। महिला मतदाता संगीता कुमारी ने शिकायत की कि उनके पहुंचने से पहले ही उनका वोट डाला जा चुका था। मतदान प्रतिशत की बात करें तो चंडी के अमरौरा में सर्वाधिक 85 प्रतिशत मतदान हुआ। बियावानी में 76, मुरौरा में 67 और राणाबिगहा पैक्स में 71 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद बैलेट बॉक्स को सुरक्षा के बीच संबंधित प्रखंड कार्यालयों में पहुंचाया गया। मतगणना शाम 7 बजे से शुरू हुई और रात 10 बजे से परिणाम आने की संभावना है।




## बीपीएससी में सफलता हासिल कर नेहुसा के कृतिका भावना बनीं बीएओ



हरनौत (अपना नालंदा)।

स्थानीय प्रखंड के नेहुसा गांव निवासी विजय कुमार आजाद की पुत्री कृतिका भावना ने बीपीएससी परीक्षा में 1451वां रैंक लाकर सफलता हासिल की है। उसे प्रखंड कृषि पदाधिकारी का पद दिया गया है।परीक्षा परिणाम आते ही कृतिका के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। कृतिका के पिताजी किसान जबकि माता स्वाती राज गृहस्वामी है।वे मात्र दो बहन हैं। कृतिका दसवीं की शिक्षा लोयोला स्कूल हरनौत व 12वीं राजकीय हाई स्कूल नौबतपुर (दानापुर) तथा यूजी की शिक्षा सबौर विश्वविद्यालय से वही एमएससी की डिग्री विश्वभारती यूनिवर्सिटी पश्चिम बंगाल से हासिल की है। उन्होंने यह सफलता पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। कृतिका ने कहा कि सफलता का श्रेय माता–पिता को जाता है। वही इस उपलब्धि पर नेहुसा पंचायत की मुखिया मंजुषा कुमारी , सरपंच प्रेम राज , पसंस प्रतिनिधि मिथुन कुमार समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## डीएम शशांक शुभंकर ने किया जीविका दीदी के भोजनालय का उद्घाटन



**बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।**

नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बुधवार को अनुमंडल कार्यालय बिहारशरीफ परिसर में स्थित जीविका समूह की मुन्नी देवी द्वारा संचालित भोजनालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। गरीबी उन्मूलन की दिशा में बिहार सरकार की पहल के तहत जीविका समूह द्वारा संचालित इस भोजनालय में गुणवत्तापूर्ण चाय, नाश्ता, भोजन एवं शुद्ध पेयजल आमजन को सुविधाजनक दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), जीविका दीदी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिहारशरीफ में डंपिंग पॉइंट बना लोगों के लिए अभिशाप, शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

**बिहारशरीफ अपना नालंदा।**

जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के मघड़ा कॉम्प्लेक्स के सामने, बेलछी हाउस के पास, बुल्लक कुआं और आसपास के कई मोहल्लों की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर डंपिंग पॉइंट होने के कारण दुकानदारों और मोहल्ले वासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना ड़ रहा है। इस समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों और दुकानदारों ने कई बार मेयर, नगर आयुक्त और वार्ड पार्षद से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हारकर एक दुकानदार सुरेश कुमार ने जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के दैनिक जनता दरबार में पहुंचकर समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई है। दुकानदार सुरेश कुमार ने बताया कि नगर निगम चुनाव से पहले उन्होंने मनोज कुमार तांती से इस समस्या की शिकायत की थी। उस समय उन्होंने आश्वासन दिया था कि मेयर बनने के बाद समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। लेकिन अब दो साल बीत चुके हैं, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सुरेश कुमार ने कहा कि नगर आयुक्त को लिखित शिकायत देने के बाद भी आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला। आखिरकार, उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर इस मामले में दखल देने की अपील की। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को इस समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए हैं। कचरे और लावारिस जानवरों से बढ़ रही दुर्घटनाएं सुरेश कुमार ने जिलाधिकारी को दिए आवेदन में बताया कि हर सुबह नगर निगम का वाहन कचरा उठाता है, लेकिन दिनभर दूसरे वार्डों से लाकर कचरा उसी स्थान पर डंप किया जाता है। इस कारण इलाके में हमेशा गंदगी रहती है। बुल्लक कुआं मोहल्ले के निवासियों ने कहा कि गली के मुख्य द्वार पर पड़े कचरे की वजह से ठेला और रिक्शा के आवागमन में दिक्कत होती है। वहीं,



लावारिस साड़ और गाय आक्रामक होकर लोगों को घायल कर देते हैं। कई बुजुर्ग इन जानवरों के हमले में चोटिल हो चुके हैं, जिनमें से कुछ के पैर और कमर तक टूट गए हैं। दुकानदारों का व्यापार हुआ प्रभावित डंपिंग पॉइंट के कारण आसपास के दुकानदारों की परेशानी भी बढ़ गई है। सुरेश प्रसाद ने बताया कि गंदगी और दुर्गंध के कारण ग्राहक अब उनकी दुकानों पर नहीं आते। इससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। आश्वासन से आगे कब बढ़ेगा नगर निगम? वार्ड पार्षद और नगर निगमकी अनदेखी से मोहल्लेवासियों और दुकानदारों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब यह देखना होगा कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद नगर निगम इस समस्या को लेकर कितना गंभीर कदम उठाता है। लेकिन फिलहाल, यह समस्या क्षेत्र के निवासियों और दुकानदारों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है।

## पुरैनी पंचायत में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ पैक्स अध्यक्ष पद का मतदान



गिरियक (अपना नालंदा)। गिरियक प्रखंड के पुरैनी पंचायत में बुधवार को पैक्स अध्यक्ष पद के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान सुबह 7:00 बजे शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चला। पुरैनी पंचायत में कुल 10 गाँव दृ पुरैनी, मानपुर, हसनपुर, महतपुरा, तख्तरोजा, पहलौआ, सैदपुर, जलालपुर, हैवतपुर और खानपुरा शामिल हैं। यहां कुल 1323 मतदाता हैं, जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीन प्रत्याशी मैदान में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार कौशल कुमार, अरविंद प्रसाद यादव और वीरेंद्र यादव उर्फ विरू कुमार चुनावी मैदान में हैं। मतगणना आज ही गिरियक के आदमपुर हाई स्कूल में होगी, जिसके बाद विजेता प्रत्याशी का फैसला होगा। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा।

# बकायेदार हो जाएं सावधान! नालंदा में वारंट अभियान शुरू




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में नीलाम पत्र वाद के अंतर्गत बकायेदारों के विरुद्ध जारी बॉडी वारंट एवं डिस्ट्रेस वारंट की तामील को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। 27 जनवरी से 1 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान बैठक में जानकारी दी गई कि जिलेभर में नीलाम पत्र वाद के अंतर्गत 27 जनवरी 2025 से 1 फरवरी 2025 तक ष्वारंट सप्ताहष् के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 1161 लंबित बॉडी वारंट और 237 डिस्ट्रेस वारंट हैं, जिनकी जल्द से जल्द तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक नीलाम पत्र वादों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नोटिस की तामील हर हाल में कराई जाए, ताकि बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। बैठक में शामिल अधिकारी इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), पुलिस उपाधीक्षक, विधि शाखा पदाधिकारी, जिला स्थापना शाखा पदाधिकारी, जिला नीलाम पत्र शाखा पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए सहित जिले के विभिन्न थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

**हथियार बरामद**

# अपराध की योजना बनाते पाँच अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।**
नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान लूट और डकैती की योजना बना रहे पाँच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध हथियार, कारतूस और एक सफेद रंग की इंङिगा कार बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों में पृथ्वीराज और शिशुपाल का आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ के दौरान पृथ्वीराज की निशानदेही पर उसके घर से अवैध हथियार, लोडेड मैगजीन, गोलियां और फायरिंग के खोखे बरामद किए गए। गिरफ्तार अपराधी पृथ्वीराज (प्रहलादनगर, नूरसराय),डब्लू कुमार (चकसोहरा खुर्द, हिलसा),शिवशंकर कुमार (भगतपुर, हिलसा),शिशुपाल कुमार (चौकी हुराठी, करायपरशुराय) तथा अजीत कुमार (हैदरपुर, हिलसा) हैं। गिरफ्तार अभियुक्तकों के पास से एक सफेद रंग की इंङिका ,12 बोर का देशी कट्टा और पाँच जिंदा कारतूस,देशी पिस्टल का लोडेड मैगजीन (7.65 एमएम के पाँच कारतूस के साथ) तथा 315 बोर और 12 बोर के फायर किए हुए खोखे बरामद किए गए हैं। इस मामले में नूरसराय थाना में एफआईआर संख्या 49/25 दिनांक 29.01.25 के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरार अपराधियों की तलाश जारी है। पुलिस टीम में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार सहित कई अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# कॉंग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में भागीरथ मांझी की मुलाकात



**हिलसा अपना नालंदा।**
बुधवार को नई दिल्ली स्थित कॉंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास 10 राजा जी मार्ग पर भगीरथ माँझी की बुधवार की दोपहर मुलाकात हुई । इस मुलाकात में खास तौर से बिहार युवा कॉंग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष और अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मंजीत आनन्द साहू, कुम्हार समाज के प्रदेश अध्यक्ष मजोज प्रजापति, शैलेश वर्मा एवं दुर्गा प्रसाद मौजूद रहे । मंजीत आनन्द साहू ने बताया कि मुलाकात के दौरान हुई चर्चा में कॉंग्रेस अध्यक्ष श्री खरगे ने सामाजिक न्याय अतिपिछड़ें वर्ग और दलित समुदाय के मुद्दे पर विस्तार से बातचीत किया और जानकारी ली । श्री साहू ने कहा की कॉंग्रेस नेतृत्व वंचित समुदाय के हक हिस्सेदारी भागीदारी आरक्षण पर से पचास प्रतिशत की सीमा को खत्म करने देश मे जाति जनगणना कराने सहित उन सभी मुद्दों को लेकर चिंतनशील है जो सभी वर्गों के लिए न्याय का मार्ग प्रशस्त करती है। माउंटेन मैन दशरथ मांझी के बेटे भागीरथ मांझी के कॉंग्रेस में शामिल होने के बाद कॉंग्रेस अध्यक्ष खरगे से यह पहली मुलाकात थी । श्री साहू ने कहा की आने वाले समय मे अतिपिछड़ें वर्ग और दलित समुदाय सहित सभी वंचित समुदाय कांग्रेस की से तेजी के साथ जुड़ेंगे । कांग्रेस ही वंचितों की एक मात्र उम्मीद है । बिहार के पैंसठ प्रतिशत आरक्षण को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा स्वीकार नहीं करना और नीतीश कुमार की इस पूरे मामले पर चुप्पी से पूरा पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित ठगा महसूस कर रहा है। चाहे बिहार की सरकार हो या केंद्र की सरकार दोनों एनडीए सरकार फोटो पर माला और विचारों पर ताला वाले फार्मूले पर चल रही है । बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देने देने वाली है ।

# असम के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम में देखा बदलता बिहार




पावापुरी (अपना नालंदा)।
रघुनन्दन सेवा सदन, चोरसुआ द्वारा 24 से 30 जनवरी तक आयोजित सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम में असम के विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संगठनों से आए प्रतिभागियों ने बिहार के प्रमुखपर्यटन स्थलों और ग्राम पंचायतों का परिभ्रमण कर बदलते बिहार की झलक देखी। इस दौरान प्रतिभागियों ने सरस्वती विद्या मंदिर, चोरसुआ और पावापुरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विरासत और बिहार की लोककला का आदान–प्रदान हुआ। इस यात्रा के तहत नीरज कांस्यकार और प्रेम जी के निर्देशन में पटना के चिड़ियाघर, गोलघर, साइंस सिटी, बिहार संग्रहालय, महावीर मंदिर आदि का भ्रमण किया गया। वहीं, लोकगायक और ब्रांड एम्बेसडर भैया अजीत के नेतृत्व में नालंदा महाविहार, ह्वेनसांग म्यूजियम, कुंडलपुर सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया गया। राजगीर में अनुपम क्षत्रिय के निर्देशन में विश्व शांति स्तूप, सोन भंडार, ब्रह्मकुंड, मनियार मठ, वेणुवन, नौलखा मंदिर और राजगीर डिग्री कॉलेज का भ्रमण किया गया। कॉलेज में असम के प्रतिभागियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कामना ने प्रतिभागियों का भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। असम से आए एनएसएस अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार डेका ने बिहार के विकास की सराहना करते हुए कहा कि अब बिहार में सकारात्मक बदलाव दिख रहा है। लोग जागरूक हुए हैं, बाजारों में रात्रिकालीन गतिविधियां बढ़ी हैं, और बिहार के प्रति धारणा बदल रही है। कार्यक्रम समन्वयक रोहित कुमार ने बताया कि इस पहल से बिहार की वास्तविक छवि को अन्य राज्यों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने राजगीर बस स्टैंड पर श्रवण जी द्वारा 18 माह तक के बच्चों को निःशुल्क दूध वितरण की पहल की सराहना की और उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रतिभागियों का विभिन्न स्थलों पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पृथ्वीराज, निशां कुमारी, रामचंद्र गुप्ता, मनजीत सिंह, श्रवण यादव, अमर सिंह राजपूत, आयुष कुमार, प्लाजा कुमारी, अंकित द्विवेदी, सत्यम कुमार, प्रकाश कश्यप और उज्ज्वल कुमार सहित कई अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

# सामाजिक सरोकाररू परासी में जरूरतमंदों के बीच कंबल और साड़ी वितरण



**नूरसराय अपना नालंदा।**
ठंड से कांपते जरूरतमंदों की मदद के लिए समाजसेवियों का आगे आना न केवल मानवीय कर्तव्य है, बल्कि यह एक विकसित बिहार की पहचान भी बन सकता है। इसी कड़ी में, नूरसराय प्रखंड के परासी गांव निवासी समाजसेवी प्रभा शंकर सिंह उर्फ भासो सिंह और उनकी धर्मपत्नी बबिता देवी ने निजी कोष से जरूरतमंदों की सहायता करते हुए अनुकरणीय पहल की। बुधवार को उन्होंने वृद्ध, दिव्यांग, असाध्य रोगियों, विधवाओं और बेसहारा लोगों के बीच कंबल और साड़ी का वितरण किया। इस दौरान कुल 50 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए। वितरण कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को खीर भी खिलाई गई, जिससे उनमें विशेष आनंद देखने को मिला। इस मानवीय कार्य के लिए गांववासियों ने समाजसेवी दंपति को आशीर्वाद दिया और उनकी सराहना की। उनकी इस पहल ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है, जिससे प्रेरित होकर अन्य लोग भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ सकते हैं।



# स्कॉर्पियो से अवैध हथियार बरामद, दो गिरफ्तार

**बिहारशरीफ अपना नालंदा।** लहेरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियारों की बरामदगी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 27–28 जनवरी की रात करीब 1:00 बजे की गई, जब रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ आनंद ने रामचंद्रपुर बस स्टैंड स्थित स्मार्ट बाजार के पास एक संदिग्ध स्कॉर्पियो (रजिस्ट्रेशन नंबररू 8801भ्—7005) को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर अवैध हथियार, कारतूस और नकली आर्म्स लाइसेंस बरामद हुआ। इस मामले में लहेरी थाना में कांड संख्या– 49/25 के तहत धारा– 318(2)/319(2)/338/336(3)/340(2) बीएनएस एवं 25(1–बी) ए/20/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सत्येंद्र पासवान, पिता– रामजन्म पासवान, निवासी– नौरंगा, थाना– देवकुंड, जिला– औरंगाबाद तथा रामजी पासवान, पिता– रामाश्रय पासवान, निवासी– एस्टरी, थाना– उपहारा, जिला– औरंगाबाद के रूप में की गई है । गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद थाना से पीआर बांड पर मुक्त कर दिया गया है। बरामद सामानः एक नाली बंदूक दृ 01, दो नाली बंदूक दृ 01, जिंदा कारतूस दृ 17, दोनों आरोपियों के पहचान पत्र तथा डुप्लिकेट आर्म्स लाइसेंस। छापेमारी दल में सिद्धार्थ आनंद, प्रभारी पुलिस पदाधिकारी, लहेरी थाना,सिपाही करीना कुमारी , लहेरी थाना,गृहरक्षक प्रदीप कुमार , लहेरी थाना में शामिल थे। अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी के लिए लहेरी थाना सहित अन्य संबंधित थानों से जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किसी अपराध में हुआ है या नहीं।

# पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न , कुल 49.66 फिसदी वोटिंग

**हरनौत अपना नालंदा।** स्थानीय नगर पंचायत के बस्ती व प्रखंड के नेहुसा पैक्स में बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण में संपन्न हुई। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ उज्जवल कांत ने बताया कि कुल सात बूथों पर 49.80 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें बस्ती पंचायत सरकार भवन पर बने तीन मतदान केन्द्रों पर 46.66 प्रतिशत जबकि नेहुसा मवि पर बने चार बूथों पर 52.63 फिसदी मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से हुई। वहीं मतगणना देर शाम प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन पर चलेगी।

# डीएम ने किया विभिन्न कार्यालयों और खेल मैदान का निरीक्षण



हिलसा (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शनिवार को हिलसा अनुमंडल में विभिन्न सरकारी संस्थानों और विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रामबाबू उच्च विद्यालय हिलसा, प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय हिलसा एवं अनुमंडल कार्यालय हिलसा का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत हिलसा प्रखंड में रामबाबू उच्च विद्यालय मैदान में एथलेटिक्स ट्रैक व आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना की कुल लागत 2.09 करोड़ रुपये निर्धारित है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस खेल मैदान में एथलेटिक्स ट्रैक, सिटिंग स्टैंड, पवेलियन, बाउंड्री वॉल, फुटबॉल मैदान, चेंजिंग रूम, गार्ड रूम, शौचालय, पेयजल सुविधा एवं मल्टीपरपस खेल मैदान (वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल) का निर्माण किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि खेल मैदान में जलजमाव की समस्या न हो, इसके लिए पूर्व नियोजित व्यवस्था की जाए। हिलसा प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को आरटीपीएस काउंटर को अधिक सुविधाजनक और सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अनुमंडल कार्यालय हिलसा के निरीक्षण के क्रम में डीएम ने अनुमंडल लोक शिकायत सेवा केंद्र को विकसित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को रेलवे क्रॉसिंग हिलसा पर आरओबी (रेल ओवरब्रिज) निर्माण का प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजगीर में 10–11 फरवरी को कुर्मी महासमागम, राष्ट्रीय एकता की दिशा में बड़ा कदम



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मगध साम्राज्य की ऐतिहासिक राजधानी राजगीर में 10–11 फरवरी को कुर्मी समाज का महासमागम सह चेतना शिविर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में देश–विदेश से कुर्मी समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। समाज को संगठित करने और राष्ट्रीय स्तर पर एक नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित यह महासमागम सामाजिक व राजनीतिक दृष्टि से मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस महासमागम को सफल बनाने के लिए राजगीर के श्रीकृष्ण पैलेस में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अवधेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। बैठक में महासमागम को ऐतिहासिक व भव्य बनाने के लिए 51 सदस्यीय मुख्य समिति का गठन किया गया। महासमागम की प्रमुख समितियाँ एवं जिम्मेदारियाँ: 1. आयोजन समिति अध्यक्षः अवधेन्द्र कुमार सिन्हा, संरक्षकः डॉ. गोपाल शरण सिंह, व्यवस्थापकरू दिलीप कुमार, सुधीर कुमार पटेल, 2. कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्थापन, भोजन समितिः तारकेश्वर प्रसाद, अरुण कुमार, विशेश्वर चौधरी, मनोज कुमार टेंट, पंडाल एवं सजावटरू अजय कुमार सिन्हा, विजय प्रसाद (पूर्व मुखिया), रविंद्र प्रसाद (सिलाव) यातायात व्यवस्थाः बीरेंद्र कुमार प्रियदर्शी, अनिल कुमार, किशोर कुमार, केशव लाल, शशि भूषण कुमार, उदयशंकर पटेल 3. प्रचार–प्रसार एवं मीडिया मीडिया संयोजकः प्रबोध पटेल प्रचार–प्रसार समितिरू नालंदा, पटना, गया, जहानाबाद, नवादा, भागलपुर, औरंगाबाद, कैमूर, सासाराम सहित विभिन्न जिलों में प्रचार अभियान चलाया जाएगा। 4. स्वागत एवं आवासन व्यवस्था स्वागत समितिरू ई. अश्विनी कुमार, अनिल कुमार, चंद्र उदय, राजेश रंजन, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह, विजय सिंह, आवासन समितिः शैलेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, अरुण कुमार चंचुल, अरविंद कुमार (भोली बाबू), अजय कुमार, प्रतिनिधि निबंधनरू चंदन कुमार, सत्यप्रकाश, सतीश कुमार, राजाराम कुमार, अजय कुमार सिन्हा, बिट्टू कुमार महिला प्रतिनिधियों का दायित्वरू अनीता कुमारी, संजू कुमारी पटेल, बैठक में निर्णय लिया गया कि इस महासमागम को यादगार बनाने के लिए सभी जिलों में प्रचार अभियान चलाया जाएगा। महासमागम में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल समेत अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। उनके स्वागत और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। महासमागम समाज को एक नई दिशा देने और एकजुटता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में
बच्चों की मुस्कान
राष्ट्र की शान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 22913872021127192204
9334304341
7563996997
8873996997
BIHAR CENTRAL SCHOOL
Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)
प्रिय अभिभावकों,
जिस तरह आप अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, तो उसी तरह हम भी उन्हें सुखद और समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं । बिहार की पावन धरा जिस तरह विश्व को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित कर रही है । जिसका एक प्रारूप "बिहार सेन्टल स्कूल" है ।
इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं-
- कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
- अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
- सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
- सभी मार्गो के लिए वाहन की सुविधा ।
- साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
- पढ़ाई के साथ-साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
- सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
- समय-समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।
Bumper Discount
₹ 5000/- + Educational Kit Free
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
Play Group to 10th
OFFER Up to 1st March 2025
Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD
विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरूप नामांकन में भी छूट)

# मैरा बरीठ पंचायत सरकार भवन का सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कतरीसराय अपना नालंदा।**
मैरा बरीठ पंचायत में पंचायत सरकार भवन के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी है। पंचायत को नया और आकर्षक स्वरूप देने के लिए भवन के चारों ओर हरियाली विकसित की जा रही है। पेड़-पौधों और रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियों से भवन को सजाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश मिलेगा। मुखिया नीतू कुमारी के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार गुड्डू ने कहा कि फूलों की बागवानी से पंचायत सरकार भवन एक नया स्वरूप ले रहा है, जिससे पंचायत का वातावरण अधिक स्वच्छ और सुंदर बनेगा। उपमुखिया बीरू प्रसाद, मनोनीत पैक्स अध्यक्ष बृजनंदन पांडेय और मुखिया प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार अन्नू ने बताया कि इस पहल से पंचायत के लोगों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# संकुल स्तर पर टी.एल.एम मेला-02 का आयोजन किया गया



**हिलसा (अपना नालंदा)।**
हिलसा अनुमंडल के इसलामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत संकुल संसाधन केन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक इस्लामपुर के प्रांगण में बुधवार को प्रखण्ड साधन सेवी आलोक मणी की अध्यक्षता में टी.एल.एम. मेला-02 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संकुल संसाधन केन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक के अन्तर्गत आने वाले विद्यालय मध्य विद्यालय अमनावाँ,उत्क्रमिक मध्य विद्यालय मोहनचक,उत्क्रमिक मध्य विद्यालय बाँध पर,प्राथमिक विद्यालय गुलजार बाग,प्राथमिक विद्यालय चकदौलत एवं प्राथमिक विद्यालय बाँध रसलपुर के शिक्षकगण भाग लिये। टी.एल.एम.मेला-02 में शिक्षको समेत ग्रामीण जनता ने बढ़- चढ़कर भाग लिये। प्रदर्शनी में शिक्षकों द्वारा भिन्न-भिन्न तरह का प्रोजेक्ट बनाकर लगाया गया था,जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। इस मेला में प्रथम स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाँधपर के शिक्षक सुमीत कुमार सुमन रहे। वहीं दूसरे स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनचक के शिक्षक प्रभाकर कुमार तथा संयुक्त रुप तीसरे स्थान पर प्राथमिक विद्यालय चकदौलत के रुपेश कुमार सुमन एवं मध्य विद्यालय अमनावाँ के रश्मि रति रहे। सभी विजेता को प्रखण्ड साधन सेवी आलोक णी,व्यवस्थापक सह प्रधानाध्यापक राजेश कुमार चौधरी ,समन्वयक दिनेश प्रसाद,प्रधानाध्यापिका कुन्ती कुमारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ हीं साथ मेला में भाग लेने अन्य शिक्षकों को प्रतिभागी प्रशस्ति पत्र दिया गया। मंच का संचालन अखिलेश कुमार के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनचक के शिक्षक अखिलेश कुमार,श्याम बिहारी,सुधांशु कुमार,शक्ति नन्दन उर्फ प्रिंस जी एवं लत्ता कुमारी के द्वारा किया गया। इस मेला के आयोजन पर व्यवस्थापक सह प्रधानाध्यापक राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि इस प्रकार टी.एल.एम का आयोजन से प्रतिभागियों मे कम्पीटीशन भावना बढ़ेगी और बच्चों को आसपास की संसाधन से कैसे पढ़ाया जायेगा?उसपर फोकस होगी और बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। प्रखण्ड साधन सेवी आलोक मणी नें कहा कि इस तरह की आयोजन बच्चों की मानसिक विकास होगा वहीं समन्वयक दिनेश प्रसाद ने अपने अभिभाषण में बच्चों के विकास पर जोर देते रहे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाँधपर के प्रधानाध्यापिका कुन्ती कुमारी ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर शिक्षक अभिषेक कुमार,धीरज कुमार,विनीता कुमारी,वीरेन्द्र कुमार,रफत आरा,कमला कुमारी,प्रियंका कुमारी ,दिपक कुमार एवं राम उदय यादव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षक अभिषेक कुमार,धीरज कुमार,विनीता कुमारी,वीरेन्द्र कुमार,रफत आरा,कमला कुमारी,प्रियंका कुमारी ,दिपक कुमार एवं राम उदय यादव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सरथा पंचायत में कचरा उठाव का कार्य तीन साल से बंद




हरनौत (अपना नालंदा)।
स्थानीय प्रखंड के सरथा पंचायत में कचरा उठाव का वर्षों से बंद है। वहीं मुखिया निर्माला देवी बताई कि पंचायत में कुल 14 वार्ड में कचरा उठाव का काम बंद है। उन्होंने बताई कि नीर निर्मल परियोजना के तहत सरथा पंचायत में कचरा उठाव का कार्य मॉडल के रूप में शुरू किया गया जो विश्व बैंक की सहायता से वर्ष 2019 से 2022 तक चली।इसके बाद पदाधिकारी के रवैया के कारण पैसा आना बंद हो गया और स्वच्छता कर्मी काम करना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि कई स्वच्छता कर्मियों का छः से आठ महीने तक का मानेदय आज भी लंबित है। उन्होंने बताया कि वार्ड एवं क्रियान्वयन समिति के खाता में साढ़े तीन लाख रुपए पहले का शेष है। उन्होंने कहा कचरा उठाव को पुनः शुरूआत करने के लिए बैठक पर बैठक रखी जाती है लेकिन संबंधित पदाधिकारी व कर्मी नहीं पहुचते है। वहीं एलबीएसएम के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर (बीसी) प्रियदर्शनी कुमारी ने बताई पंचायत में जो पैसा शेष बचा है उस पैसे को खर्च करने के लिए जिला से निर्देश मांगा गया था। जो प्रकिया में है।कहा जिले से मार्गदर्शन आने के बाद पुनः शुरू किया जाएगा।

# गोलापुर हवाई अड्डा से अहरा तक फेवर ब्लॉक और सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बिहारशरीफ अपना नालंदा।**
बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज वियावानी के वियावानी गांव में मनरेगा योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधान पार्षद रीना यादव ने गोलापुर हवाई अड्डा से अहरा तक मिट्टी भराई एवं फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही लाल किशोर के खेत से बेल तक मिट्टी भराई, ईट सोलिंग और पीसीसी ढलाई निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में हर वर्ग और हर क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गांवों में शहरों से अधिक सुविधाएं मिल रही हैं। सरकार की योजनाएं गांवों को स्मार्ट बना रही हैं और बिहार में हुए विकास कार्यों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में निवेशकों की संख्या बढ़ रही है। राज्य में 41 औद्योगिक इकाइयां 844 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी, जबकि 2024-25 में अब तक 312 औद्योगिक इकाइयों को 33,551.69 करोड़ रुपये के निवेश की स्वीकृति मिली है। बिहार अब औद्योगिक और रोजगार के अवसरों का केंद्र बनता जा रहा है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार को आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में सुशासन की नीति को मजबूती मिली है। सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर बिहारशरीफ के प्रोग्राम ऑफिसर, जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय, जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव शैलेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, मुखिया प्रमोद यादव, धनंजय मुखिया,



युगल किशोर मुखिया, उपेंद्र दिलवाला, रामजन्म रविदास, शिवनंदन प्रसाद, संजय कुमार, आकाश, काजल और ललन कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बस्ती से दिलीप जबकि नेहुसा से वीपीन हुए पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित



**हरनौत अपना नालंदा।**
स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में देर रात करीब साढ़े आठ बजे पैक्स चुनाव के मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। वहीं मतगणना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बस्ती में केवल अध्यक्ष पद एवं नेहुसा पैक्स में अध्यक्ष पद के साथ-साथ एक कार्यकारणी सदस्य के परिणाम घोषित किया गया। वहीं निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ उज्जवल कांत ने बताया कि बस्ती पैक्स से दिलीप सिंह को कुल 804 मत जबकि उसके प्रतिद्वंदी को 115 वोट प्राप्त हुआ। वहीं नेहुसा पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए विपिन सिंह को 634 मत जबकि उसके प्रतिबंध अभय कुमार को 499 मत मिला। बताया कि नेहुसा से कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुरेश पासवान को 562 जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी उमेश पासवान को 464 मत प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र सौंपा दिया गया। वही विजेता जब मतगणना कक्ष से बाहर निकले तो समर्थकों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।इस दौरान समर्थकों ने खुब नारे भी लगाए।

# पीएलएम में कन्या मवि के शिक्षिका पम्मी प्रथम



हरनौत (अपना नालंदा)।
स्थानीय बाजार में स्थित शहरी संकुल संसाधन केंद्र (यूआरसी) प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को टीएलएम मेला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ सुरेंद्र कुमार सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम में बीईओ श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में टीएलएम के महत्व को बताया। उन्होंने कहां प्रखंड में कुल 17 सीआरसी है। जिसमें विभिन्न स्कूलों का सीआरसी स्तर, फिर बीआरसी फिर जिला स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के द्वारा लगाए गए व्याकरण, ईवीएस, गणित, हिंदी, अंग्रेजी व विज्ञान विषयों के अलग-अलग थीम पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिसमें प्रथम स्थान कन्या मवि के शिक्षिका पम्मी कुमारी को मिला।यह स्कूल पिछले वर्ष जिले में भी पहुंची थी। वहीं द्वितीय स्थान प्रावि डीहरीगढ़ के शिक्षिका लता कुमारी एवं तृतीय स्थान उत्क्रमित मवि सबनहुआ के शिक्षक इंद्रजीत चौधरी को मिला। सभी विजेताओं को बीईओ ने प्रमाण-पत्र व कलम देकर सम्मानित किया।मौके पर बीपीएम मनीष, बीआरपी नवीद , बीआरपी दीक्षीत, एचएम सह व्यवस्थापक विनोद, कोऑर्डिनेटर राजाराम, प्रकाश, जीवन ज्योति समेत अन्य मौजूद थे।